# संवाद पत्र
## पूर्वोत्तर सीमा रेल निर्माण संगठन

अंक 5 द्वितीय वर्ष त्रैमासिक जनवरी, 2008


## महाप्रबन्धक का संदेश



श्री शिव कुमार, महाप्रबंधक

सर्वप्रथम, मैं पूर्वोत्तर सीमान्त रेलवे निर्माण संगठन के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नव वर्ष, 2008 की हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ ।

किसी भी राष्ट्र की सांस्कृतिक अस्मिता की पहचान उसकी भाषा, संस्कृति एवं सामाजिक स्तर से होती है । हमारा देश बहुभाषी एवं बहु संस्कृति की सामासिक चेतना से ओत-प्रोत है । बहु-सांस्कृतिक संस्कृति को संजोकर रखने में 'भारतीय रेल भाषिक सम्पर्क सेतु' के रूप में राजभाषा हिन्दी के माध्यम से सांस्कृतिक एकता को एकसूत्र में बांधे हुए है । भारतीय रेल जनता के सीधे सम्पर्क में है । यह राष्ट्रीय सांस्कृतिक एकता का वाहक है जो विभिन्न प्रान्तों के विभिन्न भाषा-भाषी लोगों के बीच आपसी सौहार्द स्थापित कर राष्ट्रीय अखण्डता को मजबूती प्रदान करता है ।

राजभाषा अनुभाग, पू. सी. रेल, निर्माण संगठन द्वारा राजभाषा के प्रचार-प्रसार में 'संवाद पत्र' का प्रकाशन एक सार्थक प्रयास है । इस पत्रिका के माध्यम से हम पूर्वोत्तर राज्यों की विभिन्न परियोजनाओं के क्रियाकलापों एवं उनके विकासोन्मुखी गतिविधियों से अवगत होने के साथ ही संगठन के प्रबुद्ध अधिकारियों, कर्मचारियों के हृदय पटल पर अंकुरित रचनात्मक अंकुरण को सींच कर पल्लवित करते हैं ।

## माननीय रेलमंत्री द्वारा किए गए विभिन्न शिलान्यास व उद्घाटन

दिनांक 5 अक्टूबर, 2007 को माननीय रेलमंत्री श्री लालू प्रसाद ने पूर्णिया में स्टेशन भवन एवं स्टेशन परिक्षेत्र के पुनर्निर्माण कार्य का उद्घाटन के साथ ही पैदल ऊपरी पुल का शिलान्यास किया जिसमें बहुसंख्यक विशिष्ट व्यक्तिगण, सांसदगण, स्थनीय विधायकगण एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए ।

दिनांक 17 अक्टूबर, 2007 को माननीय रेलमंत्री श्री लालू प्रसाद ने ठाकुरगंज में अररिया से गलगलिया (ठाकुरगंज) नई लाइन एवं आलुवाबाड़ी रोड-सिलीगुड़ी आमान परिवर्तन कार्य का शिलान्यास किया, जिसमें श्री तस्लीम उद्दीन, कृषि राज्यमंत्री, भारत सरकार एवं सांसद व विधायक भी उपस्थित हुए । समारोह स्थल के उत्कृष्ट प्रबंधन से प्रभावित होकर उन्होंने पू.सी. रेलवे को 5 लाख रुपये पुरस्कार स्वरूप देने की घोषणा की ।




शिलान्यास के दौरान माननीय रेल मंत्री श्री लालू प्रसाद

माननीय रेलमंत्री श्री लालू प्रसाद ने दिनांक 7 नवम्बर, 2007 को बारसोई में आयोजित एक समारोह में माननीय सांसदों तथा विधायकों एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में हाल ही में परिवर्तित कटिहार-बारसोई के उद्घाटन के साथ ही रिमोट द्वारा अलीपुरद्वार जंक्शन-बामनहाट बीजी सेक्शनों का उद्घाटन किया एवं इन दोनों सेक्शनों पर रेलसेवा का शुभारम्भ किया । इस अवसर पर उन्होंने पू. सी. रेलवे को 10 लाख रुपये पुरस्कार स्वरूप देने की घोषणा की ।



माननीय रेल मंत्री का स्वागत करते महाप्रबंधक/निर्माण


| संरक्षक | मुख्य संपादक | संपादक | सहयोग |
|---|---|---|---|
| श्री शिव कुमार | श्री बकरीदन | श्री सत्य प्रकाश यादव | श्री शरद विधु शुक्ल |
| महाप्रबंधक/निर्माण | मुख्य राजभाषा अधिकारी/नि | उप मुख्य राजभाषा अधिकारी/नि | राजभाषा अधिकारी/नि |

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह



शपथ ग्रहण समारोह के दौरान महाप्रबंधक/नि

दिनांक 12-11-2007 से 16-11-2007 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया, जिसमें सतर्कता जागरूकता से संबंधित बैनर्स एवं पोस्टर्स प्रदर्शित किए गए तथा दिनांक 12 नवम्बर, 2007 को सतर्कता दिवस के अवसर पर निर्माण संगठन के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा शपथ ग्रहण की गई ।

## निर्माण संगठन की उपलब्धियाँ

- माननीय रेलमंत्री द्वारा दिनांक 07-11-2007 को यात्री गाड़ी परिचालन हेतु बारसोई-कटिहार सेक्शन (34.61 कि.मी.) के आमान परिवर्तन परियोजना का उद्घाटन किया गया ।
- माननीय रेलमंत्री ने दिनांक 07-11-2007 को यात्री गाड़ी यातायात के लिए रिमोट द्वारा बारसोई से अलीपुरद्वार जंक्शन-बामनहाट सेक्शन (72.737 कि.मी.) के आमान परिवर्तन परियोजना का उद्घाटन किया ।
- सिलीगुड़ी डीजल शेड के प्रशासनिक भवन का निर्माण कर ओपन लाइन को सौंप दिया गया ।
- न्यू बंगाईगांव कारखाना के आधुनीकीकरण के क्रम में ट्रेवर्सर ट्रैक का नवीनीकरण कार्य तथा शिलान्यास किया गया।

# राष्ट्रीय परियोजनाएँ

*कुमारघाट से अगरतला तक नई बीजी लाइन (109 कि.मी.) - (लक्ष्य- मार्च, 2008)*

कुमारघाट-मनु (20 कि.मी.) खंड दिनांक 27-12-2002 को चालू हो गया था । शेष खंड की प्रगति पूरी गति पर है ।3 (तीन) सुरंगों का जटिल कार्य प्रगति पर है । सुरंग संख्या 1 एवं 3 का काम पूरा हो चुका है । सुरंग संख्या 2 की खुदाई का कार्य प्रगति पर है । 3 अदद सुरंगों की समग्र संचयी प्रगति कुल 4872 आर एम में से 4635 आर एम है । मार्च, 08 तक कार्य समापन की सम्भावना है ।

*जिरिबाम से तुपुल (इम्फाल) (98 कि.मी.) तक नई बड़ी लाइन (लक्ष्य- मार्च, 2011)*

भाग-II के 26 कि. मी. प्राक्कलन में से मात्र 9.9 कि. मी. की स्वीकृति प्राप्त हुई है । प्राक्कलन के आंशिक स्वीकृति के साथ ही भू कार्य एवं छोटे पुलों के प्रथम 10 कि.मी. के लिए निविदा को अन्तिम रूप दे दिया गया तथा इस महीने से कार्य शुरू किया गया। शेष अंश के लिए स्वीकृति की प्राप्ति अभी बाकी है । 52 कि. मी. अन्तिम स्थान का सर्वेक्षण का कार्य पूरा किया गया । प्रथम 20 कि.मी. के लिए भूमि अधिग्रहण का प्रस्ताव राज्य सरकार को प्रस्तुत किया गया जिसमें से 64 हेक्टर की भूमि ले लिया गया जो 6.0 कि.मी. की लम्बाई समाहित किया गया ।

*बोगीबिल के निकट ब्रह्मपुत्र नदी पर उत्तर एवं दक्षिणी किनारे में लिंक लाइन सहित रेल तथा सड़क पुल (73 कि.मी.) (लक्ष्य-2011-12)*

मुख्य पुल के दोनों किनारों पर निर्माण प्रगति पर है तथा इस परियोजना के उत्तर तथा दक्षिण किनारे पर रेल पथ बिछाने का कार्य पूर्ण गति पर है । मुख्य पुल के लिए तकनीकी एवं वित्तीय निविदाओं को क्रमश: दिनांक 2-11-07 तथा 27-11 खोला गया तथा निविदा प्रक्रियाधीन है ।

*आजरा से बरनीहाट (30 कि. मी.) (लक्ष्य- निर्धारित नहीं किया गया)*

अन्तिम स्थान सर्वेक्षण के लिए अभिकल्प तथा नक्शा सहित ठेका परामर्शदाता को प्रदान किया गया तथा कार्य प्रगति पर है । जनता के प्रदर्शन के कारण अनुमोदित संरेखण कार्य के पक्ष दिनांक 10-11-07 से स्थगित कर दिया गया । इस विषय पर विवाद के शीघ्र हल के लिए असम तथा मेघालय के मुख्य सचिव को अवगत किया गया ।

*दिमापुर से कोहिमा (जुब्जा) (88 कि.मी.) (लक्ष्य- निर्धारित नहीं किया गया)*

राईट्स द्वारा अंतिम स्थान सर्वेक्षण हेतु निविदा बुलाई गई है।

*लामडिंग-सिलचर-जिरिबाम, बदरपुर से बराईग्राम तथा बराईग्राम से कुमारघाट (367.79 कि.मी.) तक का गेज परिवर्तन (लक्ष्य- मार्च, 2010)*

पहाड़ी शाखा में उग्रवादियों के कारण प्रगति बाधित है जिसके कारण निर्धारित लक्ष्य मार्च, 09 तक प्राप्त नहीं किया जा सका। संशोधित लक्ष्य, चिह्नित कार्य स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था की उपलब्धता पर निर्भर होगी। लामडिंग-चन्द्रनाथपुर पहाड़ी शाखा में सक्रिय उग्रवादी संगठनों द्वारा ठेकेदारों को अभी भी धमकी एवं भयादोहन के रूप में भारी-भरकम राशि की मांग का सामना करना पड़ रहा है।

*रंगिया-रंगापाड़ा फेज 1 (123 कि.मी.) (लक्ष्य मार्च, 2009)*

रेलवे बोर्ड द्वारा स्वीकृत पार्ट आकलन के अनुसार मिट्टी ...रने तथा पुलों का काम प्रगति पर है

## वर्ष 2007-08 की लक्ष्य निर्धारित परियोजनाओं की स्थिति

| | प्रगति | लक्ष्य |
|---|---|---|
| ◆ कटिहार-बारसोई (आमान परिवर्तन) | 100 % | लाईन खोल दी गई |
| ◆ अलीपुरद्वार-बामनहाट (आमान परिवर्तन) | 100 % | लाईन खोल दी गई |
| ◆ सेनपुवा-सिलघाट (आमान परिवर्तन) | 85 % | मार्च, 08 |
| ◆ मनु-अगरतला (नई लाईन) | 65 % | मार्च, 08 |
| ◆ कटिहार-जोगबानी (आमान परिवर्तन) | 80 % | मार्च,08 |

## यातायात सुविधा

| | प्रगति | लक्ष्य |
|---|---|---|
| ◆ कटिहार यार्ड का पुनर्निर्माण | 90 % | मार्च, 2008 |
| ◆ औजरी-धरमतुल के बीच क्रसिंग स्टेशन की सुविधा | 90 % | मार्च, 2008 |
| ◆ कामाख्या स्टेशन में कोचिंग की सुविधा (फेरा-I) | 75 % | जून, 2008 |

## वर्कशॉप

| | प्रगति | लक्ष्य |
|---|---|---|
| ◆ न्यू बंगाईगांव में वर्कशॉप का आधुनिकीकरण | 40 % | मार्च, 08 |
| ◆ डिब्रूगढ़ कोच रिपेयर शॉप | 70 % | मार्च, 08 |
| ◆ न्यू गुवाहाटी डीजल शेड का विस्तार | 60 % | दिसम्बर, 08 |

## सिगनल एवं दूरसंचार निर्माण कार्य

| | प्रगति | लक्ष्य |
|---|---|---|
| ◆ लामडिंग-सिलचर सेक्शन में (i) 4 स्टेशनों पर पैनल इंटरलॉकिंग कार्य | 1 स्टेशन डिटाछेरा चालू हो गया | फरवरी, 2008 |
| (ii) 10 ब्लॉक सेक्शन में 4 क्वाड संचार प्रणाली | 2 सेक्शन चालू हो गए | फरवरी, 2008 |
| ◆ तिनसुकिया मंडल में 4 स्टेशनों पर मल्टी एंट्री एक्सेल काउंटर (पू.सी.रेल में प्रथम बार) | कार्य प्रगति पर | फरवरी, 2008 |
| ◆ रंगिया मंडल में 10 स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग | 4 स्टेशन चालू होने को तैयार | मार्च, 2008 |
| ◆ कामाख्या के इर्द-गिर्द 4 ब्लॉक सेक्शन में बी.पी. ए. सी. कार्य (पू. सी. रेल में प्रथम बार) | कार्य प्रगति पर | मार्च, 2008 |
| ◆ कटिहार-मालदा-गुवाहाटी के बीच मोबाइल ट्रेन रेडियो संचार प्रणाली | गुवाहाटी-न्यू बंगाईगांव सेक्शन पर चालू | मार्च, 2008 |
| ◆ कटिहार मंडल के कटिहार-बारसोई में क्वाड संचार प्रणाली | पी आई एम ए सी एल एस 4 स्टेशन पर चालू होगया | मार्च, 2008 |
| ◆ कुमारघाट-अगरतला (109 कि.मी.) में ओ एफ सी 6 क्वाड संचार प्रणाली | कुमारघाट-मानु-आम्बासा | मार्च, 2008 |

## 2007-2008 का परिव्यय

| | | | |
|---|---|---|---|
| ◆ रेलवे बजट | = | 714.51 | करोड़ रूपये |
| ◆ राष्ट्रीय निधि | = | 200.00 | करोड़ रूपये |
| ◆ निक्षेप कार्य (रक्षा मंत्रालय) | = | 12.66 | करोड़ रूपये |
| कुल | = | 927.17 | करोड़ रूपये |

## चालू सर्वेक्षण

| क्रम सं | सर्वेक्षण का नाम | स्वीकृति वर्ष | राज्य | प्रगति | पूरा करने की लक्ष्य तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गुंजारिया से गाजोल (120 कि.मी.) तक नई लाइन का आर ई टी एस द्वारा सर्वेक्षण | 2006-07 | पश्चिम बंगाल | 55 % | मार्च, 08 |
| 2 | सराईघाट पर दूसरी रेल पुल का आर ई टी एस द्वारा सर्वेक्षण | 2007-08 | असम | 25 % | मार्च, 2008 |
| 3 | जोगीघोपा-पंचरत्न से सिलचर तक नई लाइन | 2007-08 | असम तथा मेघालय | 20 % | मार्च,2008 |
| 4 | डंगरी से धोला तक नई लाइन | 1994-95 | असम | 60 % | मार्च,2008 |
| 5 | रूपाई से महादेवपुर, नामशेई चेंगखाम(अ.प.) होकर परशुरामकुंड तक (103 कि.मी.) नई लाइन का आर ई टी द्वारा सर्वेक्षण | 2007-08 | असम तथा अरुणा[illegible]देश | 15 % | जून, 2008 |
| 6 | बरनीहाट से शिलांग तक नई लाइन | 2007-08 | [illegible] | 5 % | दिसम्बर, 2008 |

## क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक



बैठक के दौरान महाप्रबन्धक/निर्माण के साथ उपस्थित अधिकारीगण

श्री शिव कुमार, महाप्रबन्धक/निर्माण की अध्यक्षता में दिनांक 30-11-2007 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की चौथी बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें राजभाषा के प्रचार-प्रसार से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। उक्त बैठक में राजभाषा सप्ताह तथा हिन्दी दिवस के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को महाप्रबंधक/निर्माण द्वारा पुरस्कृत किया गया।



नवागत महाप्रबंधक/नि श्री शिव कुमार का पारंपरिक फुलाम गमोछा व सराई से स्वागत करते मुराधि/नि श्री बकरीदन

## कविता

### देश की भाषा 'हिन्दी'

हिन्दी हमारी भाषा है
हिन्दी में हर अभिलाषा है
इस देश की चादर के रंग में
हिन्दी रच बस उठ आनी है।

संविधान जिसमें अपनी
मातृभूमि का स्वरूप बने
उसकी ही वाणी हिन्दी है
उसको मूर्त रूप दें
इस जननी की भाषा को
जिह्वा पर अपनी घोल दें
हिन्दी हमारी भाषा.......

इस महान भारत के हृदय में
रंग रंग की बोली सजे
रंग बिरंगी चिड़ियों के
कलगुंजन से ये बाग सजे
देव नागरिक भाषा को
अंतर में अपने ढाल दें
हिन्दी हमारी भाषा.......

## शब्द-ज्ञान

| | |
|---|---|
| Affidavit | शपथपत्र |
| Affiliate | संबद्ध करना |
| Adverse | प्रतिकूल |
| Aggregrate | पूर्णयोग |
| Amalgation | समामेलन |
| Alteration | परिवर्तन |
| Amenity | सुख-सुविधा |
| Animosity | बैर |

## श्रद्धांजली

19.11.2007 को मु.सि.दू.सं./नि विभाग के बादल कुमार मजुमदार एवं खोकन चंद्र डे का ड्यूटी के दौरान दुर्घटनावश निधन हो गया। संगठन की ओर से उन्हें भाव-भीनी श्रद्धांजली अर्पित की जाती है।

## स्थानांतरण एवं पदस्थापन



श्री अजय प्रधान



श्री विनोद कुमार

सचिव महाप्रबंधक/निर्माण के पद पर उप मुख्य इंजीनियर/योजना/निर्माण श्री अजय प्रधान के 01.11.2007 को पदस्थापन हो जाने के पश्चात लमडिंग मंडल के कार्यकारी इंजीनियर श्री विनोद कुमार ने उप मुख्य इंजीनियर/योजना/निर्माण के रूप में 11.12.2007 को मुख्यालय में कार्यभार ग्रहण किया।

## बधाई/शुभकामनाएं

### अधिकारियों को जन्म दिवस पर हार्दिक बधाई

1 जनवरी, श्री के. वी. वाईपेई, वि. स. एवं मु. लेखा अधिकारी/नि-II
1 जनवरी, श्री पी. के. साफी, उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक/नि.
3 जनवरी, श्री ए. कछारी, उप मुख्य इंजीनियर/नि-II/सिलापथार
16 जनवरी, श्री वी. के . मधुकर, मुख्य इंजीनियर/नि./3
22 जनवरी, श्री एम.एस. चौहान, मुख्य इंजीनियर/नि./4
1 फरवरी, श्री एस. के. बार्नवाल, उप मुख्य इंजीनियर/नि-I/सिलापथार
8 फरवरी, श्री एच. एस. राणा, उप मुख्य इंजी/नि/मालीगांव
1 मार्च, श्री एम. घोष राय, उप मुख्य इंजीनियर/नि/सर्वे
5 मार्च, श्री अरविन्द कुमार, मुख्य इंजीनियर/निर्माण-I

### अधिकारियों को विवाह वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई

17 जनवरी, श्री एस अग्रवाल, मुख्य इंजीनियर/नि-II
29 जनवरी, श्री जी. प्रकाश, उप मुख्य इंजी/नि/अम्बासा
07 फरवरी, श्री के. सिंगसन, उ.मु.सि. एवं दू. इंजी/टेली/नि.
10 फरवरी, श्री एच. सी. सेनापति, उप मुख्य इंजी/टी-II/मालीगांव
15 फरवरी, श्री एस. प्रभु, उप मुख्य इंजी/नि/अभिकल्प-I
15 फरवरी, श्री आर. एल. मीणा, उप मुख्य इंजी/नि/निविदा-I
18 फरवरी, श्री एच. एस. राणा, उप मुख्य इंजी/नि/मालीगांव
20 फरवरी, श्री अजय प्रधान, महाप्रबन्धक/नि. के सचिव
22 फरवरी, श्री शिव कुमार, महाप्रबन्धक/नि.
26 फरवरी, श्री एस. प्रसाद, उप मुख्य इंजी/नि-IV/मालीगांव

राजभाषा अनुभाग/निर्माण की ओर से वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी/निर्माण द्वारा प्रकाशित, दूरभाष : 2572794, 23012, 98640-12934

मुद्रक : दास ग्राफिक्स एण्ड आफसेट प्रेस, मालीगांव, गुवाहाटी-781012, दूरभाष : 98641-01480, 94351-43284